हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 2 अगस्त 2025

06 इतनो अच्छो तला की ने करा दओ, बुजुर्ग की बात में...



07 राड़ेप में भर भराकर गिरी सरकारी स्कूल की बिल्डिंग...





## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व सैनिकों ने किया पौधरोपण

**सागर।** एक पेड़ मों के नाम अभियान के अंतर्गत भूतपूर्व सैनिकों एवं सैनिक कल्याण कार्यालय स्टाफ द्वारा ब्राइट केरियर स्पेशल अकादमी मकरोनिया परिसर में पौधरोपण किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टिन नौसेना यूपीएस भदौरिया ने बताया कि इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य की दिशा में सकारात्मक योगदान देना है।

### राष्ट्रीय कल्चुरि कवि परिषद की महिला शाखा का गठन

**सागर।** राष्ट्रीय कल्चुरि कवि परिषद भारत एवं म. प्र. साहित्य साधना मंच (सीहोर) के सागर जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र चौकसे द्वारा गत दिवस संस्था के सदर स्थित कार्यालय में समाज की प्रबुद्ध व साहित्य के क्षेत्र में सक्रिय महिलाओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विमर्शोपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार पद एवं दायित्व सौंपे गए कार्यकारी अध्यक्ष- डॉ. छाया चौकसे, उपाध्यक्ष- प्रियंका प्रशांत चौकसे, सचिव-अंजनी चौकसे एवं क्लीन राय, कोषाध्यक्ष- आभा पंकज मुखारया एवं नूतन चौकसे, कार्यक्रम संयोजक- अंजना चौकसे, मीडिया एवं प्रचार-कल्पना चौकसे, सांस्कृतिक प्रभार-साधना चौकसे बैठक में रजनी चौकसे, जीविका मुखारया, शिवानी मुखारया, रेखा राय, दीपा राय, आस्था मुखारया, आकृति चौकसे, आयुषी चौकसे, अंजू चौकसे, ममता मुखारया, रीना मुखारया, नीरजा मुखारया आदि की उपस्थिति रही।

### कलश यात्रा निकालकर पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया

**सागर।** सागर विकासखंड अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्था महिला जागृतिश द्वारा ग्राम लालेपुर (सेमरा अंगद) में नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हर घर पौधा, घर-घर पौधा थीम पर नवांकुर सखियों का चयन कर उन्हें पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित कर उनके द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। नवांकुर सखियों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु नारे लगाकर कलश यात्रा निकाली गई। महिला जागृति नवांकुर संस्था की प्रमुख सुश्री नमिता वानखेड़े ने ग्रामीणों से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की एवं पर्यावरण के प्रति अच्छा काम करने वाले युवा किसानों का तिलक लगाकर शॉल श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया। इस कार्यक्रम में लालेपुर ग्राम वासियों की सहभागिता के साथ-साथ अटल भूजल योजना की जल स्वच्छता एवं तदर्थ समिति के सदस्य, एवं ग्राम लालेपुर के अध्यक्ष और अटल भूजल योजना के कार्यकर्ता सुनील प्रजापति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नंदिनी चढ़ार कार्यक्रम को विस्तार दिया।

## पूर्व गृहमंत्री विधायक खुरई भूपेन्द्र सिंह की ध्यानाकर्षण की सूचना पर चर्चा में हुआ निर्णय

# मालथौन में आदिवासियों की भूमि पर अवैध कब्जे और नियम विरुद्ध खरीद-ब्रिकी की जांच शासन उच्च अधिकारी से कराएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले के मालथौन में आदिवासियों की भूमियों पर अवैध कब्जे, नियम विरुद्ध खरीद बिक्री और नियम विरुद्ध रजिस्ट्रीकरण के सभी मामलों की जांच भोपाल स्तर से एक उच्च अधिकारी को भेज कर कराई जाएगी। यह घोषणा खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के इस संबंध में रखे गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने की है। पूर्व मंत्री सिंह ने सदन में अपने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में जानकारी दी है कि मालथौन क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति वर्ग की लगभग 500 एकड़ जमीन लोगों ने नियम विरुद्ध तरीकों से खरीद ली है। ध्यानाकर्षण सूचना का विषय रखते हुए पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सदन को बताया कि खुरई विधानसभा क्षेत्र की मालथौन तहसील के मालथौन, गंगऊ, अंडेला, बघोनिया सहित अनेक ग्रामों में अनुसूचित जाति जनजाति वर्गों की कृषि भूमियों पर अनाधिकृत कब्जे से प्रताड़ति नागरिकों द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय सागर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय सागर पर प्रदर्शन कर दिनांक 05/07/ 2025 को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में अनुसूचित जनजाति के लोगों द्वारा थाना मालथौन में दर्ज रिपोर्ट का उल्लेख भी किया था। ज्ञापन में नागरिकों ने अवगत कराया था कि मालथौन क्षेत्र के गोविंद सिंह राजपूत पिता बलवंत सिंह राजपूत सहित कुछ लोगों द्वारा उनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है। कुछ लोगों की जमीने जबरन कागज रखकर दबाव बनाकर, धमका कर नियम विरुद्ध तरीकों से रजिस्ट्री करा ली गई है और कुछ पर दबाव बनाया जा रहा है।

ध्यानाकर्षण में पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने विधानसभा में बताया कि मालथौन के गोविंद सिंह राजपूत व कब्जाधारियों की प्रताड़ना से तंग आकर दिनांक 25/07/2025 को नीलेश पिता नत्थू आदिवासी मालथौन द्वारा आत्महत्या कर ली गई हैं। इसी तरह मालथौन तहसील के हल्का नम्बर 5 गंगऊ खसरा नं. 268/3 भूमि स्वामी राजकुमारी एवं मायादेवी सेन, खसरा नम्बर 268/4 भूमि स्वामी कल्याण/ शंकर, खसरा 268/5 भूमि स्वामी राजू, लक्ष्मण पिता हरपे आदिवासी, खसरा नम्बर 268/6, भूमि स्वामी रंजीत पिता गिरधारी सहित हल्का नम्बर 2 बघोनिया के खसरा नम्बर 41 भूमि स्वामी मुलू/ रईसा आदिवासी, खसरा नम्बर 90 भूमि स्वामी गुटई / हल्के आदिवासी, खसरा नम्बर 231 भूमि स्वामी मुन्ना/ हरप्रसाद आदिवासी एवं खसरा नम्बर 332 भूमि स्वामी हरप्रसाद पिता नत्थू आदिवासी, नत्थू मुन्ना पिता फूलन, गेंदाबाई वेवा फूलन के खसरा नं. 31, रकवा 1.21 है, लम्बू पिता जोरावर खसरा नं. 89/95, रकवा 1.42 है, भरोसे पिता लम्पू आदिवासी खसरा 37/40, रकवा 1.42 है, श्याम पिता कुदुम आदिवासी खसरा नं. 33/34/35/42/43, रकवा 1.2 हेक्टेयर की भूमियों पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा किया गया है। उन्होंने सदन को बताया कि पूरे मालथौन क्षेत्र के अजा/अजजा की जो जमीनें नियम विरूद्ध तरीके से खरीदी गई हैं, उनकी जाँच न होने एवं प्रभावितों को जमीने वापिस न होने से प्रताड़ति वर्ग में तीव्र आक्रोश एवं रोष व्याप्त है।

राजस्व मंत्री ने ध्यानाकर्षण सूचना पर चर्चा के दौरान सदन को जानकारी दी यह सही है कि मालथौन, गंगऊ, अंडेला, बघोनिया सहित अनेक ग्रामों के अनुसूचित जाति जनजाति वर्गों सहित अन्य वर्गो कृषि भूमियों पर अवैध कब्जों से प्रताड़ति नागरिकों द्वारा जिला कलेक्टर सागर एवं पुलिस अधीक्षक सागर में नागरिकों ने प्रदर्शन कर दिनांक 5 जुलाई को ज्ञापन सौंपा था। राजस्व मंत्री वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सागर के द्वारा प्रस्तुत उत्तर दिनांक 30 जुलाई 2025 के अनुसार इसके पूर्व एक अनुसूचित जाति के युवक इंग्लिश उर्फ नीलेश पिता नत्थू आदिवासी निवासी मालथौन ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायत, धमकाने व प्रताड़ना का उल्लेख करते हुए दिनांक 1 जुलाई 2025 को मालथौन थाना में गोविंद सिंह मालथौन के विरूद्ध एसटी एक्ट (एट्रोसिटी एक्ट) में अपराध क्रं. 249/25 धारा 296 (बी)351(3)3 (5)वीएनएस, 3(1)(ध) 3(2)(अ) रजिस्टर्ड कराया था। राजस्व मंत्री वर्मा ने सदन में जानकारी दी कि गोविंद सिंह मालथौन व एक-दो अन्य मालथौन तहसील क्षेत्र में इस अजा/अजजा वर्ग के नागरिकों सहित कुछ लोगों की जमीनों पर कब्जा कर लिया है, तथ्य संज्ञान में आने पर तहसीलदार मालथौन द्वारा प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सदन को अवगत कराया कि यह सही है कि नागरिकों के द्वारा दिनांक 5 जुलाई 2025 को दिये ज्ञापन में करीब 25 एकड़ शसकीय भमि पर भी इनके कब्जे से अवगत कराया गया था। इस संबंध में तहसीलदार मालथौन द्वारा अतिकामकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

विधानसभा में वर्मा ने सदन को अवगत कराया कि गोविंद सिंह के विरूद्ध नीलेश आदिवासी के साथ मारपीट एवं उनके द्वारा आत्महत्या किये जाने के तथ्य के संबंध में मर्ग 46/25 धारा 94 वीएनएसएस का पंजीबद्ध किया जा कर जांच में लिया गया, मृतक की शव पंचनामा कार्यवाही की गई। उपरोक्त मर्ग में मृतक के परिजनों एवं स्वतंत्र साक्षियों के उपलब्ध न होने से उनके कथन लिपिबद्ध नहीं किये जा सके हैं, तथा मृतक नीलेश की पीएम रिपोर्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालथौन से अप्राप्त है। मंत्री वर्मा ने जानकारी दी कि परिजनों के कथन एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने पर मर्ग जांच के दौरान संकलित साक्ष्यों के अनुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि मालथौन तहसील अंतर्गत शासकीय भूमियों एवं निजी जमीनों पर कब्जा किये जाने के संबंध में प्राप्त शिकायत तहसीलदार मालथौन द्वारा प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।



## गोस्वामी तुलसीदासजी की जयंती मनाई

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में श्री रामचरितमानस के रचयिता महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती अवसर पर श्री जनकपुरी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने सहभागी होकर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में स्व. मदन मोहन तिवारी की पुण्यतिथि पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं राम संकीर्तन प्रभात भेरी के समस्त रामभक्त गायक बंधुओं को स्नेह रूपी भेंट नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर तिवारी द्वारा कहा गया कि नगर की प्रातः रामधुन प्रभात फेरी के समस्त रामभक्तों को सादर प्रणाम जो नगर को राम नाम के नाम से भर देते हैं क्योंकि श्रीराम के सुंदर चरित्र इतने महान हैं कि करोड़ों कल्पों तक गाए जाएँ तो भी समाप्त नहीं होते। श्री गोस्वामी तुलसीदास जी हिन्दी साहित्य के महान कवियों में से एक है उनके द्वारा श्री रामचरितमानस में लिखी गई कई चौपाईयां जो आज भी भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति कराती है वे भारतीय संस्कृति के अमर दीप हैं, जो युगों-युगों तक प्रकाश फैलाते रहेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में भजन संकीर्तन नगर की प्रभात भेरी एवं जनकपुरी भजन मण्डली से ज्येष्ठ श्रेष्ठ गायको,प्रबुध्दजनों एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही।

## आबकारी विभाग ने गढ़ाकोटा से 34000 रुपए से अधिक की शराब की जप्त



**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए 34200 रूपये की अवैध शराब को जप्त किया है । आवकारी विभाग कि मंजूषा सोनी अनुसार पुलिस अधीक्षक सागर के द्वारा अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत आबकारी विभाग के द्वारा अवैध शराब को पकड़ने की लगातार कारवाइयां की जा रही हैं इसी क्रम में गुरुवार के दिन गढ़ाकोटा में 34200 की शराब पकड़ी है । आरोपी शालिग्राम पटेल बिंदी चौराहा से 49 पाव, बद्री पटेल गोपाल पिपरिया से 166 पाव, नीरज साहू बसारी कुटी से 32 पाव, माधव कटारे राम जी ढाबा रहली रोड गढ़ाकोटा से 34 पावर शराब जप्त की है। जिसकी कीमत लगभग 34200 रूपये बताई जा रही है।





## शांतिप्रियता भारत देश का आदर्श है यह पूरे विश्व का आदर्श बनना चाहिए : डॉ. रंजना

**सागर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महा विद्यालय में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. गोपा जैन ने की। आपने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए आपने एक संस्मरण सुनाते हुए बताया कि किसी भी रूप से देश की सेवा करने का अवसर यदि हमें प्राप्त होता है तो यह हमारा सौभाग्य है। हमें पूरे जज्बे के साथ जुट जाना चाहिए। आज के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ. रंजना मिश्रा ने विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध की विभीषिका को उद्घाटित करते हुए कहा कि युद्ध हमेशा विनाशकारी होता है। हमारा देश एक शांतिप्रिय देश है लेकिन शत्रु देश यदि हमला करता है तो उसका मुंह तोड़ जवाब देना भी हमें आता है। यह हमने कारगिल विजय हासिल कर दिखा दिया था। शांतिप्रियता का भारतीय आदर्श पूरे विश्व का आदर्श बनना चाहिए।अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ.अभिलाषा जैन ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हमें इस अवसर पर यह संकल्प करना चाहिए कि देश के जवानों के लिए और देश के लिए हम अपने स्तर पर जो कर सकते हैं वह जरूर करें। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राना कुंजर सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों से अपनी बात रखते हुए कहा कि कारगिल की विरासत से हम युवा विपरीत परिस्थितियों में हार न मानने का सबक सीखें और स्वयं की आत्मविजय कर देश के लिए कुछ कर गुजरें।कार्यक्रम संचालन कर रहे हिंदी के सहायक प्राध्यापक सुरेन्द्र यादव ने आज के भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को क्रमवार प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया। आयोजित भाषण प्रतियोगिता का मुख्य विषय "कारगिल की विरासत और आज का युवा" निश्चित किया गया था। सर्वप्रथम प्रियांशी पांडे ने आकर कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में आशा आहिरवार, खुशी पांडे, स्नेहा सोनी, शिवानी बंसल, रामाषीश यादव एवं श्रद्धा कुर्मी ने अपने विचार व्यक्त किए। छात्र रामाशीष यादव ने अपने भाषण में कहा कि हम युवा आज के दौर में फिल्मों, सोशल मीडिया और मोबाइल पर निरर्थक सोच से प्रभावित हो रहे हैं लेकिन देश के जवानों के शौर्य और साहस से प्रेरित नहीं होते हैं।

## सैडमेप कर्मचारी बघेल के मामले में अंतरिम सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय ने दिया 4 सप्ताह का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शासन द्वारा नगर निगम में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ किए गए सैडमैप अधिकारी एस एस बघेल को मूल विभाग में वापस करने हेतु नगर निगम, नगर पालिका कर्मचारी संघ द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में लगाई गई याचिका क्रमांक 14951/2025 परन्यायाधीश विवेक जैन की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई जिसमें न्यायालय द्वारा नगरीय विकास एवं आवास विभाग को अपना जबाव प्रस्तुत करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया गया है। न कर्मचारी संघ के वकील उत्तम माहेश्वरी ने बताया कि नगर निगम सागर में सैडमेप से आए सुनील सिंह बघेल को नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से उपायुक्त पदस्थ गया था जबकि सैडमैप के किसी भी कर्मचारी को नगर निगम में पदस्थ नहीं किया जा सकता है जिसको लेकर नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ ने माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी जिस पर शुक्रवार को न्यायाधीश विवेक जैन की कोर्ट में सुनवाई की गई और संबंधित अधिकारियों को चार सप्ताह के अंदर जवाब प्रस्तुत करने तथा अंतरिम सुनवाई करने का आदेश पारित किया गया। याचिकाकर्ता के वकील माहेश्वरी ने बताया कि न्यायालय द्वारा चार सप्ताह में अंतरिम सुनवाई कर आदेश पारित किया जाएगा। उच्च न्यायालय द्वारा 4 सप्ताह में अंतरिम सुनवाई का आदेश पारित होने के बाद नगर निगम कर्मचारी संघ ने निगम प्रशासन से अनुरोध किया है कि जब तक सैडमैप कर्मचारी सुनील सिंह बघेल के संबंध में न्यायालय द्वारा निर्णय नहीं लिया जाता है तब तक बघेल को सभी विभागों के प्रभार से मुक्त रखा जाए अन्यथा की स्थिति में नगर निगम प्रशासन स्वयं जिम्मेदार रहेगा।



## चालिहा महोत्सव:शंख ध्वनियों से गुंजायमान हुआ मंदिर, भगवान झूलेलाल जी पर हुई फूलों की वर्षा

**सागर।** सिंधी कॉलोनी स्थित श्री झूलेलाल मंदिर के बाजु वाले हाल में चालिहा महोत्सव के दौरान श्रावण मास को श्री झूलेलाल जी के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हुआ। यह जानकारी देते हुए प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया कि सिंधी समाजजनों द्वारा 16 जुलाई से 40 दिन तक के कठिन उपवास रखे जाना प्रारंभ हुए। महोत्सव को भगवान श्री झूलेलाल जी की आराधना के लिए बड़ी संख्या में समाजजन मंदिर पहुंच रहे है । यहां अखखा, आरती एवं पल्लो के दौरान विश्व सुख-शांति एवं उपस्थितों की मनोकामना पूरी होने की अरदास लालाराम मेठवानी द्वारा की गई। इस दौरान मंडली संस्थापक लालाराम मेठवानी, अध्यक्ष सुरेश मोहनानी, महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत, भर्ती मोहनानी, वीनू आहूजा, विजय निरंकारी, मोनिका मेठवानी, लीला आहूजा, रैना गोकलानी, दिलीप वाधवानी, पूर्व पार्षद पंकज सोनी, रुपेश मनवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। इस अवसर पर लालाराम मेठवानी ने बताया की सावन के सोमवार के व्रत का खास महत्व माना गया है। आप भगवान शंकर जी से जो मांगे वह तुरंत मिल जाता है। चालिहा हाल में चल रहे झूलेलाल चालिहा में आज फूलों की वर्षा हुई अध्यक्ष सुरेश मोहनानी महिला अध्यक्ष दिया राजपूत ने बताया की शाम होते ही शंख ध्वनियों की गूँज पुरे सिंधी कॉलोनी में सुनाई देती है श्रद्धालुओं ने झूलेलाल जी की मूर्ति पर फूलों की वर्षा की। भगवान श्री शंकर जी के शिवलिंग के दर्शन करने रोज श्रद्धालुजन पहुंचते है ।

## कलेक्टर की संवेदनशीलता से उम्मीदो को लगे पंख, कस्तूरबा गांधी हॉस्टल की छात्राओं को भेजी जेईई और नीट की पुस्तकें

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की संवेदनशीलता से छात्रावास के छात्र-छात्राओं की उम्मीदो में पंख लग गए हैं जब उनके समक्ष कलेक्टर के द्वारा किया गया वादा पूरा हुआ । कलेक्टर संदीप जी आर ने बंडा का दौरा किया था जिसमें मॉडल स्कूल के पास स्थित कस्तूरबा गांधी छात्रावास पहुंचकर छात्राओं से रूबरू हुए और छात्राओं से बातचीत करके पूछा था कि आप क्या बनना चाहती हैं ? जिन पर अनेक छात्राओं ने इंजीनियर और डॉक्टर बनने की बात कही थी। उस दिन कलेक्टर संदीप जी आर ने छात्रों से बोला था कि मैं आपके लिए पुस्तकों की व्यवस्था करूंगा और जो भी आपको पढ़ाई करना हो आप केवल पढ़े व्यवस्था मैं करूंगा । इस तारतम्य में आज कलेक्टर सागर ने बंडा एसडीएम रवीश कुमार श्रीवास्तव के माध्यम से छात्राओं को नीट और जेईई के लिए फिजिक्स वाला की पुस्तकें छात्राओं को अध्ययन हेतु भेजी हैं। जिसमें गणित, वनस्पति शास्त्र, जीव विज्ञान और रसायन शास्त्र की पुस्तक हैं। कलेक्टर ने बताया कि जल्दी ही नीट एवं इंजीनियरिंग की परीक्षा के लिए कोचिंग संस्थानों के माध्यम से एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा मार्गदर्शन एवं कक्षाओं का शुभारंभ भी किया जाएगा। पुस्तकें पाकर छात्राएं बहुत प्रसन्न हुई और उन्होंने एसडीएम से कहा कि कलेक्टर संदीप जी आर से हमारी ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद बोल देना कि उन्होंने हम लोगों की वहां पहुंचकर इतनी चिंता की और कहा कि अब हम छात्राएं क्षमता से अधिक मेहनत करेंगे ताकि इन पुस्तकों का उपयोग करके हम अपने भविष्य निर्माण कर सकें और कलेक्टर के आशा की अनुरूप इंजीनियर, और डॉक्टर बन सकें। इस दौरान सभी छात्राओं ने तालियां बजाकर सर का अभिवादन किया इस अवसर पर हॉस्टल वार्डन, संकुल प्राचार्य संतोष चौरसिया और हॉस्टल समस्त छात्राएं उपस्थित थीं।

## एनडीआरफ एवं एसडीआरएफ की टीमों की मेहनत रंग लाई, प्रशासन ने ली राहत की सांस

# दो दिन चले सर्च ऑपरेशन के बाद झाड़ियों में मिला लापता महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

विगत मंगलवार सुबह रामघाट नाले के तेज बहाव में बहने वाली गर्भवती महिला का शव एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ टीम द्वारा घटनास्थल से लगभग 2 किलोमीटर दूर नदी में झाड़ियों से बरामद किया गया है। प्रशासन द्वारा महिला की तलाश के लिए विगत दो दिवसों से नदी में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। शव बरामदगी एवं शिनाख्तगी के बाद थाना पुलिस द्वारा पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



विगत मंगलवार सुबह पति के साथ मोटर बाईक पर मंदिर जा रही गर्भवती महिला वंदना पति दशरथ साहू रामघाट नदी का पुल पार करते समय तेज बहाव में बह गई थी। जिसके बाद से प्रशासन द्वारा महिला की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा था। नदी में पानी अधिक होने एवं लगातार बारिश के चलते प्रशासन द्वारा मंगलवार को एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई थी परंतु सफलता न मिलने के बाद एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया था। जिसके बाद गुरूवार सुबह जबलपुर से आई एनडीआरएफ की 30 सदस्यीय टीम द्वारा नदी में सर्च अधियान आरंभ किया गया था। गुरूवार को प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान ग्राम पचासिया के ग्रामीणों द्वारा ग्राम के समीप नदी में झाड़ियां के बीच एक डेड बॉडी फंसे हुई देखे जाने की सूचना दी गई थी। जिसके बाद प्रशासन द्वारा एनडीआरएफ की टीम के साथ नदी के बहाव क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया जिसमें घटनास्थल से लगभग 2 किलोमीटर दूर ग्राम पचासिया के समीप कंटीली झाड़ियों से लापता महिला का शव बरामद किया गया। एनडीआरएफ टीम द्वारा नदी से शव निकाला गया जिसके बाद पुलिस द्वारा मृतिका के परिजनों से उसकी शिनाख्त कराकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौपा गया है। विगत दिवसों में हुई अतिवृष्टि के दौरान देवरी विकासखंड के गई ग्रामों में बाढ़ के हालात निर्मित हुए जिनको लेकर प्रशासन द्वारा चलाये गये राहत एवं बचाव कार्य की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

लापता महिला की तलाश को लेकर एसडीएम मुनव्वर खान, एसडीओपी निशिकांत सरेयाम सहित राजस्व एवं पुलिस अधिकारी लगातार 3 दिवसो तक मुस्तैदी से सर्च अभियान चलाते रहे। इसी दौरान प्रशासन द्वारा ग्राम खकरिया एवं मढ़वा में के समीप खेत में नदी की बाढ़ में फंसे पति-पत्नि को भी एसडीआरएफ की टीम द्वारा सकुशल रेस्क्यु किया गया।



## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2025- 26 /23 — **सूचना** — सागर दिनांक 01/08/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

| प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम म.न./प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/ वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|
| 731 25/26 | कृष्णगंज | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | हरिसिंह, शंकर लाल पिता स्व. दुर्गा प्रसाद आठया | महेश प्रसाद पिता स्व. दुर्गा प्रसाद आठया |
| 732 25/26 | रविदास | रजि बैनामा, शपथ पत्र | पूरन लाल पिता मोहनलाल पटेल | सुनील कुमार पिता परमानंद दरयानी |
| 733 25/26 | रविदास | रजि बैनामा, शपथ पत्र | रामानंद पिता भगवानदास पटेल | जानकीबाई पति परमानंद दरयानी |
| 734 25/26 | शनीचरी | न्याया आदेश, शपथपत्र | कमलाबाई पति स्व. वृंदावन चौबे | अजय पिता स्व. वृंदावन चौबे |
| 735 25/26 | मधुकरशाह | रजि बैनामा, शपथ पत्र | वीरेंद्र बहादुर पिता अनिरुद्ध प्रताप सिंह ठाकुर | अंकुर पिता लक्ष्मीनारायण एवं रश्मि पति अंकुर नायक |
| 736 25/26 | शुक्रवारी | रजि बैनामा, शपथ पत्र | पूरनलाल पिता स्व. हरिलाल मुन्नी बाई पति स्व. गुड्डा उर्फ गुड्डन पिता हरिओम वगैरह | 1- कबीरून बी पति मोहमूद अली, 2- शकीला बेगम पति हामिद अली, 3- सकीना बेगम पति शाहिद अली |
| 737 25/26 | सुभाषनगर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | प्रकाश चंद्र पिता मूलचंद पटेल | रईसा बी पति मोह. तब्यूब |
| 738 25/26 | जवाहरगंज | रजि बैनामा, शपथ पत्र | मन्नू लाल पिता बाबूलाल जैन | अनीश पिता दिलीप शाह |
| 739 25/26 | पंतनगर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | दीपक पिता सुनील श्रीवास्तव | संजय पिता प्रवीण एवं सीमा पति प्रवीण जैन |
| 740 25/26 | लक्ष्मीपुरा | रजि बैनामा, शपथ पत्र | दुर्गाबाई पति परषोत्तम एवं रामपाल पिता परषोत्तम लोधी | कमलेश पिता मथुरा प्रसाद राजपूत |

आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर

## कलेक्टर श्रोत्रिय के प्रयासों से हुए तालाब का सौंदर्य देख हतप्रद रह गया बुजुर्गों का दल

# इतनो अच्छो तला की ने करा दओ, बुजुर्ग की बात में छिपी है प्रयासों की कहानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

गर्मी के मौसम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा किये गये कुछ महीनों के तत्पर प्रयासों के चलते शहर के महेंद्र सागर तालाब का कायाकल्प और सौंदर्य देखकर शहरवासी थक नहीं रहे हैं। आलम यह है कि महेंद्र सागर तालाब अब शहर का प्रमुख पर्यटक स्थल बनता जा रहा है। जहां शहरवासी अपने परिजनों के साथ बार बार जाकर फुर्सत के क्षण बिताकर आनंद लें रहे हैं। शहर के अलावा आसपास के क्षेत्रो सहित जिलेभर से लोग आकर तालाब की सैर कर रहे हैं। इसी तालाब सैर के उद्देश्य के चलते शहर का एकमात्र सफलता संचालित वृद्धाश्रम मातृशक्ति संगठन द्वारा संचालित मातृ पितृ छाया वृद्ध आश्रम से बुजुर्गों का दल मातृशक्ति संगठन की अध्यक्षा श्रद्धा चौहान के नेतृत्व में तालाब पर पहुंचा। जहां कायाकल्प वो सौंदर्य देख एक बुजुर्ग ने अपनी बुंदेलखंडी भाषा में बड़ी खूबसूरती से हैरत भरी नजरो से पूंछा कि, इतनो अच्छो तला की ने करा दओ...?

वृद्धजन द्वारा पूंछे गये हैरत से भरे उक्त प्रश्न में ही कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशन वो मार्गदर्शन में एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल एबं नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया के अथक प्रयासों की सफलता, सराहना और वाहवाही स्वतः ही झलक रही थी।

मातृशक्ति संगठन की अध्यक्षा और मातृ पितृ छाया वृद्ध आश्रम की मुख्य संचालिका श्रद्धा चौहान ने उक्त वाकये को लेकर कहा कि जब कभी भी टीकमगढ़ में सौंदर्यीकरण और विकास का जिक्र छिड़ेगा तो कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल भदोरिया का नाम ही प्रमुखता से सर्वोपरि रूप में लिया जायेगा। क्योंकि इनके निर्देशन में किये गये शहर के अद्भुत विकास व सौंदर्यीकरण कार्यों के चलते यह दो नाम टीकमगढ़ के जन मानस के हृदय में अंकित हो गये है। और यह तभी संभव होता है जब हमें किसी जगह से लगाव होता है। उन्होंने बताया कि मातृशक्ति संगठन द्वारा संचालित मातृ पितृ छाया वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों को जब नौकायान करवाने के लिए बड़े तालाब पर ले जाया गया तब सभी के चेहरों की खुशी देखते बन रही थी। इसी दौरान वृद्धाश्रम से आये वृद्धजनो के दल में सोनी दादा भी शामिल थे, जिनका बचपन टीकमगढ़ की गलियों में बीता है लेकिन वृद्ध अवस्था में अभी बो वृद्ध आश्रम में रहते है। इन्ही सोनी दादा ने तालाब का सौंदर्य देख कर चकित होते हुए बताया कि बो बचपन से तालाब पर आते रहे हैं। लेकिन कभी भी इस तरह वोट या नाव में बैठकर तालाब की सैर करने के लिए नहीं मिला। बुजुर्ग सोनी दादा ने बुंदेलखंडी शब्दों में जब पूंछा कि इतनो अच्छो तला की ने करा दओ, तो उनके इस तरह पूंछे गये प्रश्न को सुनकर मौके पर मौजूद वृद्धाश्रम की सारी टीम व अन्य लोग हंस पड़े और उन्हें बुंदेलखंडी भाषा में ही उत्तर दिया गया कि तालाब पे जो विकास कार्य टीकमगढ़ के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और नगर पालिका सीएमओ ने करके शहर की जनता के लाने जा अनमोल सौगात दयी।

संचालिका श्रद्धा चौहान ने कहा कि कहीं ना कहीं उन बुजुर्ग के शब्दों ने एहसास करा दिया कि सचमुच टीकमगढ़ की तस्वीर अब बदल गई है। बुजुर्गों के चेहरों की यह खुशी ही हम सबकी दौलत है। वृद्धाश्रम की संचालिका चौहान ने वृद्धाश्रम में अपना वृद्धावस्था जीवन गुजार रहे वुजुर्गो की ख़ुशी देखकर भावनात्मक होते हुए कहा कि क्या हुआ अगर किसी ने बुजुर्ग अवस्था में इन लोगो को छोड़ दिया। हम सब तो हैं जो वृद्धाश्रम में इनकी बेटियां बनकर देखभाल कर रही है। वृद्धाश्रम संचालिका श्रद्धा चौहान ने सभी बुजुर्गों को नौकायान कराने के लिए नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बुजुर्गों को वोट से तालाब की यात्रा कराने में विशेष सहयोग किया।

## सड़कों पर बैठे मवेशी बन रहे दुर्घटनाओं की वजह

# जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, जनता हलाकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर के मुख्य मार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा यातायात के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। यहां दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी नगर के विभिन्न चौराहों पर सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है। जिसके कारण यातायात आवागमन काफी खतरनाक हो गया है। क्योंकि सड़क पर बैठे मवेशियों की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। और वाहन चालक घायल हो रहे हैं। लेकिन फिर भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

नगर की मुख्य सड़कों एवं आम रास्तों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहने से वाहन चालकों सहित राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे कभी भी दुर्घटनाएं घट सकती हैं। नगर के वार्डों की तमाम सड़क पर मवेशियों के जमावड़ा के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है, परंतु नगर परिषद द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जिसके चलते मवेशियों का जमावड़ा हटने का नाम नहीं ले रहा है। उल्लेखनीय है कि लोग अपने अपने घरों में पशु धन के रूप में मवेशियों का पालन करते आ रहे हैं। नगर एवं क्षेत्र में घरेलू मवेशियों की पशुधन के रूप में पूजा की जाती है और प्रतिवर्ष दिवाली के मौके पर पशुधन की पूजा अर्चना के लिए गोवर्धन पूजा उत्सव के आयोजन होते आ रहे हैं। पहले हर मौजा में चरागाह हुआ करता था जहां मवेशी बरसात के दिनों में विचरण करते थे। अन्य दिनों में भी यहां मवेशियों का जमावड़ा रहता था। कालांतर में लोग अपने घरों में मवेशियों के पालने को झमेला समझने लगे और धीरे-धीरे गांव में मवेशियों की संख्या घटने लगी। किसान जहां पहले बैल एवं भैंसा से हल जोतते थे तथा कृषि कार्य में भी इनका उपयोग किया जाता था। परंतु अब इस ट्रैक्टर के युग में बड़े-बड़े किसान भी बैल या भैंसा रखना छोड़ ट्रैक्टर से खेती करने लगे हैं। ऐसे में आवारा गोवंश सड़कों पर भटकते फिर रहे हैं। और दुर्घटनाओं की वजह बन रहे हैं।

## कलेक्टर के संवेदनशील निर्णय को देख सेवानिवृत्तकर्मी हुए निश्चिन्त

# सेवानिवृत्त के दिन ही दिए जीपीएफ, अर्जित अवकाश व पेंशन प्रकरण स्वीकृति आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शासकीय सेवकों के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें तत्काल उसी दिन जीपीएफ, अर्जित अवकाश एवं पेंशन प्रकरण स्वीकृत आदेश देने का निर्देश कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने दिया है। जिसके चलते अब सेवानिवृत होने बाले शासकीय कर्मचारियों को सेवा निवृत्ती के दिन ही पीपीएफ सहित अन्य सभी सुबिधाओं का स्वीकृति आदेश दिया जा रहा है। कलेक्टर श्रोत्रिय के उक्त संवेदनशील निर्णय व निर्देश को देखकर सेवानिवृत्तकर्मी अब निश्चिन्त हो गये हैं। क्योंकि इसके पूर्व सेवा निवृत्ती के बाद सरकारी कर्मचारियों को पीपीएफ सहित अन्य सुबिधाओ के लिए कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे जिससे उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब शासकीय कर्मचारियो व सेवानिवृत कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है।

कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देश व उक्त पहल के बाद जिले में शासकीय सेवकों को उनके सभी आर्थिक देयकों को उनके सेवानिवृत्ति के दिन ही भुगतान करने की मुहिम चलाई जा रही है। जिससे शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले पेंशन समेत अन्य आर्थिक देयकों को प्राप्त करने के लिए कागजी कार्यवाही एवं कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। उन्हें उनके सभी आर्थिक देयकों का भुगतान सेवानिवृत्ति के दिन ही प्रदान किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में जिले में सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों को उनके सेवानिवृत्ति के दिन ही उनके सभी आर्थिक देयकों समेत पीपीओ प्रदान किए गए। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने 39 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हुए प्रकाश रजक को विदाई समारोह में ही जीपीएफ, अर्जित अवकाश एवं पेंशन प्रकरण स्वीकृत कर उक्त सभी आदेशों की प्रति प्रदान की। वित्त शाखा में पदस्थ प्रकाश रजक के सेवानिवृत्ति पर ही जीपीएफ, अर्जित अवकाश एवं पेंशन प्रकरण स्वीकृत कर सभी आदेशों की प्रति प्रदान की गई। इस दौरान सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों के परिजनों ने बताया कि कलेक्टर श्रोत्रिय की संवेदनशीलता की वजह से अब शासकीय सेवा से रिटायर हो रहे शासकीय सेवकों को उनके सभी आर्थिक भुगतान एवं स्वत्वों को तत्काल ही प्रदान किए जा रहे हैं जिससे शासकीय सेवकों को अब अपने सेवानिवृत्ति पश्चात मिलने वाले लाभों को प्राप्त करने के लिए परेशान नहीं होना पड़ रहा है। पीपीओ तत्काल मिल जाने से अब हम अपना जीवन खुशहाली से बिता सकते हैं।

## विद्यालय संपत्ति के अवैध हस्तांतरण के विरुद्ध कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**टीकमगढ़।** कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ी संख्या में नगर परिषद कारी के नागरिकों ने पहुंचकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारी की चल व अचल संपत्ति के अवैध हस्तांतरण के विरोध में कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार तोमर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कारी नगरवासी पोस्टर टांगकर नारेवाजी भी करते रहे। कारी नगर वासियों ने बताया कि शिक्षा समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारी की चल व अचल संपत्ति का जो फर्जी प्रस्ताव हस्तांतरण के संबंध में लगाया गया है। उसमें प्रस्ताव क्रमांक का उल्लेख नहीं किया गया है। जबकि प्रस्ताव रजिस्टर पर प्रस्ताव क्रमांक का उल्लेख किया जाना आवश्यक होता है। प्रस्ताव को टंकण किया गया है। साथ ही प्रस्ताव पर शिक्षा समितियों के पदाधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। जबकि शिक्षा समिति कारी के पदाधिकारियों ने स्वयं जानकारी देकर बताया है कि उनके द्वारा कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया गया और न ही हस्ताक्षर किए गए। साथ ही नियमानुसार संपूर्ण स्टाफ का ज़ब तक संविलियन नहीं हो जाता तब तक संपत्ति निकाय को नहीं दी जा सकती। इस संबंध में एक आवेदन पत्र कार्यालय में जमा भी है और संपत्ति के हस्तांतरण के संबंध में साधारण सभा की बैठक नहीं बुलाई गई है और न ही प्रस्ताव पारित किया गया। कारी नगर वासियो ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि अगर इस पर एक हफ्ते के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो सभी जन आत्मदाह करेंगे। ज्ञापन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कारी नगर वासियो को कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत हुई विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक

# वर्ष 2027 तक संपूर्ण भारत को पूर्ण साक्षर करने का लक्ष्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को जनपद शिक्षा केंद्र पलेरा में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों का ऑनलाइन सर्वे करना एवं असाक्षरों को साक्षर करने के लिए अक्षर साथियों का चयन करने के संबंध में जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी आरके पस्तोर की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि उल्लास नव भारत कार्यक्रम वर्ष 2027 तक संचालित रहेगा। इसी समय अवधि में संपूर्ण भारत को पूर्ण साक्षर करने का लक्ष्य रखा गया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम में विद्यालय के प्रधान अध्यापक को नोडल बनाया गया है एवं विद्यालय में सामाजिक चेतना केंद्र एवं ग्राम में अध्ययन केंद्र खोले गए हैं। उक्त केन्द्रों में अक्षय साथियों द्वारा निरक्षरों को साक्षर करने का कार्य किया जा रहा है। बैठक के दौरान आगामी सितंबर में आयोजित होने वाली नव साक्षर मूल्यांकन परीक्षा के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही मॉनिटरिंग की अद्यतन स्थिति एवं आगामी लक्ष्य एवं मॉनिटरिंग के दौरान क्या गतिविधि की जानी है, कब और कैसे मॉनिटरिंग का अग्रिम भ्रमण पर विचार विमर्श किया गया। शत प्रतिशत सर्वेक्षण वाले गांव एवं बसाहट चिन्हित करते हुए उनकी सूची तैयार करने एवं आगामी अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस को शेष अंक सूची वितरण करने एवं प्रत्येक विद्यालय पर कार्यक्रम आयोजित करने और साक्षरता शपथ प्रतिदिन शालाओं में कराने की चर्चा की गई। इस दौरान जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी आरके पस्तोर, बलराम चतुर्वेदी, पुष्पेंद्र कुमार पाठक, देवेंद्र कुमार तिवारी, केके त्रिपाठी, कौशल प्रसाद श्रीधर, संजीव कुमार खरे, सत्यनारायण रिछारिया, रहीस खान, जयराम रैकवार, संजीव साहू, करन सौर, धर्मजीत अहिरवार उपस्थित रहे।

# कड़ा बना युवक का हाथ स्पेलर से कटने की दर्दनाक वजह, झांसी रेफर

**टीकमगढ़।** जिले के दिगौड़ा थाना अंतर्गत एक गांब में मूंगफली का तेल निकालते समय एक युवक का हाथ स्पेलर में फंस कर कट जाने की घटना सामने आई है। युवक का कटा हुआ हाथ स्पेलर में फंसा रहा। इसके बाद उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया। घटना गुरुवार शाम दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होरी बराना की है। जानकारी के अनुसार गांव के ही हनुमान मंदिर के पास स्थित आटा चक्की पर 18 साल का लक्ष्मन केवट मूंगफली का तेल निकलवाने गया था। शाम करीब 4 बजे तेल निकालते समय उसका हाथ स्पेलर में फंस गया। युवक के हाथ में पहना स्टील का कड़ा



स्पेलर में फंस गया। इससे उसका हाथ कलाई तक कटकर शरीर से अलग हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। गंभीर हालत में युवक को इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। दिगौड़ा थाना पुलिस को सूचना मिलने पर थाना प्रभारी संदीप सोनी और बीट प्रभारी विजय घोष मौके पर पहुंचे। उन्होंने कटे हुए हाथ को निकाला और तुरंत आईस बॉक्स का इंतजाम किया। हाथ को आईस बॉक्स में रखकर युवक को झांसी भेजा गया। लक्ष्मन केवट प्रतापपुरा का निवासी है और उसके पिता का नाम लालाराम केवट है।

## रामराजा स्टेडियम में विखं स्तरीय खेल स्पर्धा संपन्न

# चयनित खिलाड़ियों को किया जाएगा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल



**पलेरा।** मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए खेल कैलेण्डर में निर्धारित तिथि अनुसार दिनांक 31 जुलाई से 1 अगस्त तक विकास खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता ब्लॉक पलेरा के रामराजा स्टेडियम में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में चयनित होने वाले सभी खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला में भेजा जाएगा।

उक्त प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, विशिष्ट अतिथि अतुल खटीक जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, राजेश नायक, आरके जैन बीईओ, कौशल किशोर राजपूत प्राचार्य मॉडल स्कूल, शैलेंद्र सिंह राय विकासखंड खेल प्रभारी, रामसिंह राजपूत विकासखंड योग प्रभारी पलेरा, छाया साहू कन्या हाई सेकेंडरी, वंदना राजपूत मॉडल स्कूल, हफीजुल्लाह खान, इकरार खान, सोनम सोनी, हेमा उपस्थित रहे। इस दौरान फुटबॉल, शतरंज, योग एवं बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बताया गया है कि आयोजित प्रतियोगिताओं में चयन होने के बाद सभी खेलों के खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 5 एवं 6 अगस्त को खेलने के लिए जाएंगे।

## संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के साथ हुआ आंकाक्षा हाट का शुभारंभ

# संपूर्णता अभियान में बल्देवगढ़ ब्लॉक ने देश में किया बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में नीति आयोग के आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले फ्रंटलाइन कर्मी एवं ब्लॉक एवं जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों को संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। साथ ही स्थानीय उत्पादों एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देने हेतु आकांक्षा हाट का भी शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत उमिता राहुल सिंह, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्याम रतन तिवारी भक्ति तिवारी, नगर परिषद बल्देवगढ़ अध्यक्ष शालिनी मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि सबसे कमजोर कड़ी को किस प्रकार उठाया जाए। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा निर्धारित 6 प्रमुख संकेतकों के माध्यम से आकांक्षी विकासखण्ड बल्देवगढ़ में कार्य किया गया है। साथ ही वर्तमान में जिस प्रकार सभी व्यक्तियों को रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारी हो जाती है लेकिन उनका उन्हें पता ही चलता, उनकी जांच कराकर उनको जागरूक किया गया है, जिससे संबंधित व्यक्ति आने वाली गंभीर



बीमारी से बचाया जा सकें। उन्होंने उत्क्रष्ट कार्य करने के लिए सभी अधिकारी, कर्मचारियों और फ्रंट लाइन वर्करों को बधाई दी। इस दौरान जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

जिला योजना अधिकारी राम बाबू गुप्ता ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एक जुलाई 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक सभी आकांक्षी विकासखण्डों में सम्पूर्णता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य नीति आयोग भारत सरकार द्वारा निर्धारित 6 प्रमुख संकेतकों को संतृप्त करना था। इस कार्यक्रम के सभी 6 संकेतकों को आकांक्षी विकासखण्ड बल्देवगढ़ में संतृप्त किया गया। साथ ही उन्होंने बताया की हमारे ब्लॉक बल्देवगढ़ ने पूरे देश में संपूर्णता अभियान में बेहतर प्रदर्शन किया, जिसके लिए प्रदेश स्तर पर टीकमगढ़ जिले के कलेक्टर श्रोत्रिय को 20 अगस्त को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गोल्ड मैडल से सम्मानित किया जायेगा। तत्पश्चात विभागीय अधिकारी ने सैचुरेशन किये जाने के बारे में जानकारी भी दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत उमिता राहुल सिंह तथा कलेक्टर श्रोत्रिय ने अतिथियों के साथ आकांक्षा हाट का निरीक्षण किया। इस पर अतिथियों ने कहा कि आकांक्षा हाट न केवल स्थानीय प्रतिभाओं और उत्पादों को मंच देने का प्रयास है बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक प्रभावशाली पहल भी है, इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में बल मिलेगा। कार्यक्रम में महिला स्वस्हायता समूहों, स्थानीय कारीगरों ने भाग लिया। अतिथियों ने आकांक्षा हाट से खरीददारी की इस मौके पर आकांक्षी हाट में काफी भीड़ रही। कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी पॉइंट और हुनर की छाप भी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के अंत में एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरिनारायण गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन उपरांत अतिथियों द्वारा मंगल भवन प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बल्देवगढ़ अक्षांश श्रीवास्तव, एलआरएलएम डीपीएम देवेन्द्र श्रीवास्तव के अलावा जिले से जिला अधिकारी और ब्लॉक से समस्त ब्लॉक अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### एक सप्ताह में गिरी दो स्कूलों की बिल्डिंग, कुछ गिरने की कगार पर

# राड़ेप में भर भराकर गिरी सरकारी स्कूल की बिल्डिंग, बच्चे होते तो भयानक होता हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शासकीय हाईस्कूल राड़ेप के भवन का एक हिस्सा शुक्रवार को भर भराकर गिर गया। गनीमत यह रही कि भवन की छत गिरी उस समय स्कूल में बच्चे नहीं थे अन्यथा राजस्थान के झालावाड़ जैसी स्थिति यहां भी निर्मित हो सकती थी। एक ही सप्ताह में बड़ौदा तहसील अंतर्गत सरकारी स्कूल भवन के गिरने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले रविवार को बड़ौदा तहसील में ही ग्राम सारसिल्ली के प्राथमिक भवन की छत गिर गई थी हालांकि उक्त भवन के गिरने पर प्रशासन की ओर से सफाई भी दी गई कि यह भवन ख़ारिज घोषित था जिसके चलते उक्त भवन में क्लासें नहीं लग रही थी पर प्रश्न यही उठ रहा है कि अगर भवन अनुपयोगी था और उसमें क्लासें नहीं लग रही थी तो फिर इस मौत को बच्चों के सिर पर मंडराने को छोड़ा क्यों छोड़ा गया था?। और राड़ेप के स्कूल भवन की जानकारी भी शिक्षकों ने पूर्व में ही प्रशासन को देकर उस कक्ष में ताला डाल दिया था। ऐसे ओर भी कई भवन हैं जिनके गिरने की आशंका को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने उक्त कक्ष में ताले लगाए हुए हैं।



#### कलेक्टर के संज्ञान में आने से बची जनहानि

सूत्रों की माने तो एक सप्ताह पूर्व इस जर्जर भवन में बच्चों को बैठने से कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मना किया था। कलेक्टर के निर्देश पर इस भवन में क्लास नहीं लगाई जा रही थी अगर ऐसा नहीं होता तो इस स्कूल में झालावाड़ राजस्थान की तरह जनहानि भी संभव थी। ज्ञात हो कि इस जर्जर भवन के गिरने की आशंका शिक्षक जगदीश जाट ने सोशल मीडिया के माध्यम से जता दी थी। हमेशा शांत स्वभाव वाले शिक्षक जगदीश ने सोशल मीडिया पर बड़े तल्ख तेवरों में गांव के नेताओ के नाम लिखकर कहा था कि कब जागोगे जब कोई हादसा बड़ा हो जाएगा? कलेक्टर के पास जब यह सूचना पहुंची तो उन्होंने स्कूल प्रबंधन से जानकारी लेकर तत्काल उक्त कक्ष में ताला डालने और बच्चों को न बैठाने के निर्देश दिए थे जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया।

ग्राम राड़ेप के जिस स्कूल के कक्ष की छत गिरी है वह भवन बहुत पुराना और जीर्णशीर्ण बताया जा रहा है। इसकी जानकारी विद्यालय प्रबंधन ने संकुल प्रिंसिपल के माध्यम से प्रशासन को भेज देती थी जिसमें उक्त जर्जर भवन के कभी भी गिरने की आशंका व्यक्त की गई थी और हुआ भी वैसा ही बीते तीन-चार दिनों से हो रही बारिश को शायद पुराना जर्जर भवन झेल नहीं सका और भवन भर भराकर गिर गया।सवाल यह उठ रहा है कि जब यह भवन बहुत पुराना और जर्जर था तो फिर इसे गिराकर दूसरा भवन क्यों नहीं बनाया गया। जब कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जर्जर भवनों की जानकारी मांगी तभी इस भवन की जानकारी शिक्षा विभाग के अफसरों तक क्यों पहुंची इससे पहले क्यों नहीं? यह भी जांच का विषय है ऐसे कई स्कूल है जो गिरने के कगार पर है लेकिन न तो उनका मेंटेनेंस हो रहा है और न हीं मौत बनकर खड़े जर्जर खारिज स्कूलों की बिल्डिंगों को गिराया जा रहा है।

#### कहीं डाला ताला तो कहीं लिखा इधर आना मना है

1 : कर्बला रोड पर स्थित उर्दू गांधी प्राथमिक स्कूल का एक कक्ष कभी भी गिर सकने की स्थिति में है इस कक्ष में स्कूल प्रबंधन में ताला डालकर बच्चों को उधर जाने से रोका हुआ है।

2 : जिला मुख्यालय किला रोड पर एनएमएस उर्दू गांधी स्कूल में 100 साल पुराना जर्जर भवन गिरने के कगार पर है हालांकि उसमें क्लास नहीं लगती है लेकिन बच्चे इसी भवन के पास खेलते हैं स्कूल प्रबंधन ने दीवारों पर यह भवन जर्जर है, और इधर आना माना है लिखा हुआ है।

3 : प्राथमिक स्कूल किला का हालांकि नया भवन बन चुका है जिसमें क्लास लग रही हैं, लेकिन पुराना भवन गिरने के कगार जो नए भवन से सटा है जिसके गिरने से बच्चे चपेट में आ सकते हैं।

4: जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर सोईकला गांव में प्राथमिक कन्या विद्यालय पहले से ही जर्जर था जिसकी सूचना स्कूल प्रबंधन पूर्व में दे चुका है। अब रोड ऊंचा हो जाने के बाद बारिश का पानी भर जाने से स्कूल तालाब बन जाता है। ढाई ढाई फीट पानी भर जाने और भवन के गिरने के डर से स्कूल प्रबंधन को बारिश में ही छुट्टी करनी पड़ती है।

#### शाम को गए तो सबकुछ ठीक था सुबह झूलती मिली छत

जिला मुख्यालय स्थित मिडिल स्कूल क्रमांक 1 की छत भी गुरुवार को अचानक झूलती दिखाई दी जिससे स्टाफ में घबराहट फैल गई। शाला प्रभारी डॉ अशफाक खान ने बताया कि जब वह गुरुवार को स्कूल पहुंचे तो अपने ऑफिस की छत कुछ लटकी हुई दिखी इसकी जानकारी उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी सीएससी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने के बाद उक्त भवन को खाली करा कर ताला डलवा दिया और दूसरे कक्षों का भी निरीक्षण किया जो पूरी तरह डैमेज दिखाई दिए।

#### जानकारी ली है

जर्जर भवनों में क्लास लगाने से रोकने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं, राड़ेप का जो भवन गिरा है उसमें स्कूल संचालित नहीं था। कलेक्टर के निर्देश पर सभी स्कूलों का भौतिक सत्यापन करा कर शुक्रवार तक जानकारी मंगवा ली गई है, जरूरत अनुसार मेंटेनेंस कराया जाएगा।

एमएल गर्ग
डीईओ श्योपुर

### स्कूल में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, बताए टीबी रोग से बचाव के तरीके

# एक टीबी मरीज एक साल में पैदा कर सकता है 10 से 15 नए मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



टीबी मुक्त भारत बनाने की दिशा में काम रही स्वास्थ्य विभाग की एक टीम शुक्रवार को श्योपुर के विनायक स्कूल में पहुंची। जहां स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल टीबी सुपरवाइजर बीके शर्मा, सीनियर ट्रीटमेंट सुपर वाइजर सादिक खान, डीपीएस यश दीक्षित, विष्णु बैरवा आदि ने स्कूली बच्चों को टीबी रोग के बारे में बताते हुए उससे बचाव के तरीके समझाएं। साथही आगाह किया कि यदि टीबी का एक भी मरीज उपचार से छूट जाए तो वह एक साल में 10 से 15 नए टीबी मरीज पैदा कर सकता है। इसलिए कोई भी खांसी बाला संभावित व्यक्ति जिसे दो सप्ताह या उससे अधिक खांसी हो रही है,उसे निकटतम स्वास्थ केंद्र पर जांच हेतु भेजना है। साथ ही खांसते और छींकते समय मुंह पर रुमाल और कपड़ा लगाने की समझाइस भी दी। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य मनोज शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों ने 2025 में टीबी मुक्त देश बनाने की शपथ भी ली। स्कूल के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम अभयपुरा गांव की आदिवासी बस्ती में पहुंची, जहां लगभग 200 लोगों की स्क्रीनिंग की और संभावित मरीजों के सेंपल भी लिए।

# पति ने की मारपीट, पत्नी ने दर्ज कराया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आवदा थाना क्षेत्र के गांव मसावनी में एक महिला की उसके पति ने मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान चोटिल हुई महिला ने पति समेत दो लोगों पर मारपीट की एफआईआर दर्ज करा दी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम मसावनी निवासी रामस्वरूप आदिवासी और उसकी पत्नी शांति बाई के बीच किसी बात को लेकर बीती शाम को कहासुनी हो गई। कहासनी इतनी बढ गई कि बात मारपीट तक पहुंच गई। इस दौरान बीच बचाव करने के लिए पहुंची सावित्री बाई ने भी रामस्वरूप पक्ष लिया और फिर दोनों ने मिलकर शांति बाई की मारपीट कर दी। इस दौरान शांति बाई की अंगुली मुंह से काट लिए जाने के कारण जख्मी हो गई। पुलिस ने शांति बाई की रिपोर्ट पर रामस्वरूप और सावित्री के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है।

# अतिवृष्टि एवं बाढ़ से क्षति का आंकलन करने के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश


हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्योपुर जिले में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से हुई विभिन्न प्रकार की क्षतियों का आंकलन करने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सर्व करने के निर्देश तहसीलदारों को दिए हैं। कलेक्टर ने श्योपुर, बडौदा, कराहल,विजयपुर और वीरपुर तहसीलों के तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि अतिवृष्टि और बाढ के चलते विभिन्न प्रकार की क्षतियों, जनहानि के अलावा पशुहानि, मकान क्षति तथा फसल क्षति के संबंध में सर्वे कर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी प्रेषित की जाए। अतिवृष्टि एवं बाढ से हुई जनहानि तथा पशुहानि, मकानक्षति के संबंध में 7 दिवस में तथा फसल क्षति की जानकारी 15 दिवस में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। हालांकि जनहानि एवं पशुहानि के संबंध में सूचना मिलने पर तत्काल ही आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश जारी किये कि प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति के संबंध में प्रभावित कृषको की सूची सर्वे उपरांत पंचायत भवन के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये तथा ग्रामवासियों के बीच सूची का वाचन किया जाए। इस सूची पर ग्रामवासियों के दावे-आपत्ति हो तो वह भी लिए जाएं।

# जल भराव से बर्बाद हुए बडौदा के दुकानदारों ने लगाई मुआवजा की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



विगत दिनों अति वर्षा से नगर बड़ौदा में हुए जल भराव से व्यापारियों और छोटे दुकानदारों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। अचानक बाढ़ के रूप में हुए जल भराव से दुकानों में भरा लाखो रुपए का सामान भीगकर बर्बाद हो गया। इस बर्बादी का मुआवजा सर्वे कराकर दिलाए जाने की मांग स्थानीय व्यापारियों ने जिला प्रशासन से करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 30 जुलाई को भारी बारिश से बड़ौदा में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए थे। कंपनी दरवाजा बड़ौदा के मेन मार्केट में जल भराव अधिक होने से पानी दुकानों के भीतर घुस गया था जिससे दुकानों के भीतर रखा लाखों रुपए का सामान भीगकर बर्बाद हो गया। दुकानदारों ने ज्ञापन के दौरान बताया कि कई दुकानदारों ने तो उधार रुपए लेकर सामान भरवाया था जिनके आगे दुकान से व्यवसाय करने के लिए नया सामान भरवाने के साथ साथ उधार चुकाना भी चुनौती बनकर खड़ा हो गया है। दुकानदारों ने बताया कि राजस्व विभाग से जुड़े कर्मचारी बता रहे हैं कि दुकानों का मुआवजा आरबीसी में देने का प्रावधान नहीं है आरबीसी में सिर्फ घर और खेती के नुकसान का मुआवजा देने का प्रावधान है, जो सही नहीं है वर्ष 2021 में आई बाढ़ में श्योपुर मुख्यालय के कई दुकानदारों को हुए नुकसान का मुआवजा प्रशासन ने दिलाया था। जिस तरह 2021 में श्योपुर के व्यापारियों को नुकसान का मुआवजा दिया गया था उसी तर्ज पर बड़ौदा के व्यापारियों को भी हुए नुकसान का मुआवजा तत्काल सर्वे करा कर दिया जाए।

# धरणीधर जन्मोत्सव समिति का गठन, मनोज बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा स्थित धाकड़ समाज मंदिर पर शुक्रवार को धाकड़ समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें उपस्थित समाजीय लोगों ने भगवान धरणीधर का जन्मोत्सव मनाए जाने और एक कलश यात्रा निकाले जाने सहित अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किए जाने को चर्चा की गई। साथही धरणीधर जन्मोत्सव को लेकर नई समिति का भी गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष मनोज धाकड़ कुड़ायता को बनाया गया है। जबकि संरक्षक मांगीलाल धाकड़ इंद्रपुरा, विष्णु धाकड़ बड़ौदा,कोषाध्यक्ष महावीर धाकड़, उपाध्यक्ष बृजराज धाकड हितेश, ललित, राकेश धाकड़, मंत्री रविन्द्र धाकड़, कुलदीप धाकड़,पवन धाकड़, व्यवस्थापक हेमराज धाकड को बनाया गया है।

# उगना सहराना में आदिवासी महिला की मौत के बाद परिजनों को दाह संस्कार के लिए करना पड़ा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

उगना सहराना में बच्चों की मौत के बाद अलर्ट हुए प्रशासन ने कलेक्टर के निर्देश पर आदिवासियों को पूरी सुविधाएं मुहैया कराई लेकिन स्थानीय कर्मचारी हैं कि सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। इसकी बानगी गुरुवार की रात तब देखने को मिली जब गांव में एक वृद्ध महिला की मौत के बाद परिजनों को दाह संस्कार को लकड़ियां लेने के लिए 2 घंटे तक बरसते पानी में खड़े होकर इंतजार करना पड़ा।

उगना सहराना में रहने वाले हरिराम आदिवासी ने बताया कि बुधवार की शाम उसकी चाची का देहांत हो गया था। बस्ती में दाह संस्कार के लिए 1500 रुपए की रसीद काट कर लकड़ी उपलब्ध कराई जाती है। इन लड़कियों को लेने के लिए वह और परिजन डिपो पर गए थे लेकिन वहां कोई नहीं मिला बाद में अन्नू नामक कर्मचारी को फोन किया तो उसने बताया कि अब वह वहां काम नहीं करता है। इस दौरान दो घंटे तक बारिश में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी शव को घर के आगे रखकर महिलाएं विलाप कर रही थीं, सरपंच को कॉल लगाने के बाद कर्मचारी वहां पहुंचा जिसने लड़कियां दी। तब जाकर रात 11 बजे महिला का दाह संस्कार हो सका।

### शुक्रवार को बोदल की पुलिया से होकर गुजरी डिग्गी पैदल यात्रा, कुस्तला में किया रात्रि विश्राम

# समर्थक बोले विधायक ने दिखाया दम तो परंपरागत रूट से आगे बढ़ी यात्रा, समिति ने प्रशासन को दिया श्रेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रिमझिम बारिश के बीच गुरूवार को श्योपुर से रवाना हुई डिग्गी पैदल यात्रा दांतरदा पहुंचकर रूक गई। दांतरदा से आगे यह पैदल यात्रा राजस्थान सीमा में प्रवेश करती, उसके पहले ही पैदल यात्रा को राजस्थान प्रशासन ने राजस्थान सीमा में प्रवेश करने की अनुमति यह कहते हुए नहीं दी कि बोदल की पुलिया टूटी पड़ी है, जहां से पैदल होकर निकलना भी संभव नहीं है। ऐसे में दांतरदा में रात रूकी डिग्गी पैदल यात्रा शुक्रवार को कहां होकर जाएगी,इसको लेकर संशय की स्थिति निर्मित हो गई। इसी बीच शुक्रवार की सुबह विधायक बाबू जंडेल अपने समर्थकों के साथ दांतरदा पहुंचे और पैदल यात्रा को चंबल पुल पार करते हुए परंपरागत रास्ते से आगे लेकर रवाना हो गए। इस दौरान विधायक समर्थकों ने बाबू जंडेल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कहा कि यह विधायक की दम से ही संभव हुआ है कि डिग्गी पैदल यात्रा वापस लौटने के बजाए अपने परंपरागत रूप से आगे बढ़ी है। उधर डिग्गी पैदल यात्रा समिति ने यात्रा को परंपरागत रूट से आगे बढने का पूरा श्रेय राजस्थान प्रशासन को दिया है। बता दें कि राजस्थान के टोंक जिले के डिग्गी मालपुरा में विराजित श्रीकल्याणधणी के दर्शनों के लिए श्योपुर से हर साल जाने वाली डिग्गी पैदल यात्रा श्योपुर सवाईमाधोपुर मार्ग से होते हुए टोंक जिले के लिए रवाना होती है। जिसमें बडी संख्या में श्योपुर जिले के श्रद्धालु शामिल होते है। लेकिन इस बार अतिवर्षा के कारण राजस्थान सीमा में बोदल की उगाल नाले की पुलिया टूटकर बह गई। जिसकारण राजस्थान प्रशासन ने इस क्षतिग्रस्त पुलिया से होकर पैदल निकलने पर भी रोक लगा दी और श्योपुर डिग्गी पैदल यात्रा समिति को भी यह कहते हुए पैदल यात्रा को राजस्थान सीमा में आने पर रोक लगा दी कि बोदल की पुलिया से पैदल निकलना भी खतरे से खाली नहीं है। राजस्थान प्रशासन की रोक के बाद डिग्गी पैदल यात्रा दांतरदा में रूक गई। पैदल यात्रा में शामिल सभी पैदल यात्री चिंतित हो गए कि अब पैदल यात्रा यहां कहां होकर अपने गतंव्य स्थान तक पहुंचेगी। उधर डिग्गी पैदल यात्रा समिति श्योपुर के पदाधिकारी भी श्योपुर पुलिस के अधिकारियों के साथ बोदल की टूटी पुलिया का मौका मुआयना करके लौट आए और फिर इस पैदल यात्रा को शुक्रवार की सुबह खातौली पुल से होकर ले जाने पर विचार किया। उधर पैदल यात्रा में शामिल विधायक बाबू जंडेल के समर्थकों ने भोपाल में मौजूद विधायक जंडेल से फोन पर चर्चा करने के बाद पैदल यात्रियों से कह दिया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सुबह विधायक जी आ रहे है, यह पैदल यात्रा वापस नहीं लौटेगी और अपने परंपरागत रूट से ही आगे बढ़ेगी।



#### समिति ने राजस्थान प्रशासन को दिया श्रेय

डिग्गी पैदल यात्रा समिति ने पैदल यात्रा के परंपरागत रूट से गुजरने का पूरा श्रेय राजस्थान प्रशासन को देते हुए कहा कि राजस्थान प्रशासन ने रातभर टूटी पुलिया की मरम्मत का काम चलाया और सुबह तक पैदल गुजरने का रास्ता बना दिया। समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि विधायक समर्थक कुछ भी कहे, लेकिन पैदल यात्रा का अपने परपंरागत रूट से गुजरना राजस्थान प्रशासन के सहयोग से ही संभव हुआ है। क्योंकि हमने भी मौके पर जाकर देखा था कि क्षतिग्रस्त पुलिया से पैदल निकलना किसी खतरे से खाली नहीं था, किसी भी पैदल यात्री के साथ कोई अनहोनी भी हो सकती थी, इसलिए हमने पैदल यात्रा का रूट बदलने पर विचार किया, लेकिन रूट बदला नहीं है तथा हमने राजस्थान प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा करते हुए उनसे अनुरोध भी किया। हमारे अनुरोध पर प्रशासन ने रातभर पुलिया की मरम्मत का काम किया। जिसके चलते सुबह यहां होकर पैदल यात्री आसानी से निकल गए। इसी पुलिया से होकर पैदल यात्रा अब कुस्तला पहुंच गई है। यहां रात्रि विश्राम के बाद शनिवार को पैदल यात्रा अपने परंपरागत रूट से आगे बढेगी।

#### सुबह दांतरदा पहुंचे विधायक, रवाना हुई पैदल यात्रा

शुक्रवार सुबह विधायक बाबू जंडेल दांतरदा पहुंच गए और राजस्थान के प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा करने के बाद कल्याणधणी के जयकारे के साथ पैदल यात्रा को चंबल पुल पार करते हुए राजस्थान सीमा में प्रवेश करा ले गए और फिर विधायक जंडेल सहित पैदल यात्रा में शामिल यात्री बोदल की टूटी पुलिया से होकर निकले। इस क्षतिग्रस्त पुलिया को राजस्थान प्रशासन ने रातभर मरम्मत का काम चलाकर सुबह तक पैदल और छोटे वाहन गुजारने लायक बना दिया। विधायक समर्थक इसका श्रेय विधायक जंडेल को देते हुए कह रहे है कि यह जंडेल ने दिखाई दम का ही परिणाम है कि डिग्गी पैदल यात्रा वापस लौटने के बजाए अपने परंरागत रूट से ही आगे बढी है। विधायक इस मामले में दम नहीं दिखाते तो यात्रा का रूट बदलना तय था। उधर विधायक बाबू जंडेल का कहना है कि रात्रि में भोपाल से श्योपुर दाँतरदा पहुंचकर शुक्रवार की सुबह पैदल यात्रा रवाना करवाई। पैदल यात्रा राजस्थान में सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण रुकी हुई थी। सवाई माधोपुर कलेक्टर चोधरी साहब को जैसे ही मेने उन्हें अवगत कराया उन्होंने तीव्र गति से सड़क का कार्य करवाकर उसे पैदल चलने के लिए बना दिया।

### पीजी कॉलेज में आयोजित पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में शामिल हुईं 50 स्कूलों की टीमे

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में ढोढर, विजयपुर और फ्यूचर स्टार स्कूल की टीम बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मप्र पर्यटन विभाग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन शुक्रवार को शहर के पाली रोड स्थित शासकीय पीजी कॉलेज में किया गया। दो चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 74 स्कूलों की टीमे ने पंजीयन कराया था। लेकिन 50 स्कूलों की टीमे ही इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पहुंची। कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। लिखित परीक्षा में 50 टीमों के शामिल होने के बाद 6 टीमों का चयन प्रतियोगिता के मल्टीमीडिया राउंड के लिए किया गया। डीईओ एमएल गर्ग ने बताया कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता में तीन स्कूलों शाउमावि ढोढर, शा कन्या उमावि विजयपुर और फ्यूचर स्टार स्कूल श्योपुर की टीमे विजेता घोषित की गई। जबकि उप विजेता शाउमावि सोंईकलां, मॉडल स्कूल विजयपुर और मॉडल स्कूल श्योपुर की टीम बनी। क्विज मास्टर की भूमिका शिक्षक सुशील कुमार दुबे ने निभाई। प्रतियोगिता के समापन समारोह में तीनो विजेता और उप विजेता टीमों के पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया गया। यह पुरस्कार अतिथि के रूप में उपस्थित सहायक संचालक शिक्षा यश जैन, बीईओ मधु शर्मा के हाथों दिए गए। इस अवसर पर श्री हजारेश्वर स्कूल प्राचार्य मनोज पाराशर सहित अन्य कई विभागीय लोग उपस्थित थे।

#### ढोढर स्कूल की टीम संभागीय प्रतियोगिता में होगी शामिल

इस प्रतियोगिता में पहले नंबर की विजेता टीम बनी शासकीय उमावि ढोढर की टीम संभाग स्तर पर आयोजित होने वाली क्विज प्रतियोगिता में भागीदारी करेगी। बताया गया है कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिता सितंबर माह में आयोजित होगी।

# बाइक टकराने की बात पर मारपीट, एफआईआर दर्ज

**श्योपुर।** देहात थाना क्षेत्र के सोंईकलां में बाइक टकराने की बात पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि नामजद आरोपी आरिफ खान निवासी उत्तरप्रदेश ने नंदापुर निवासी संजय आर्य की गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान संजय घायल हो गया। संजय के भाई सोनू आर्य की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### 15 अगस्त से पहले फिर उठे सवाल, जनता में भाजपा शासन और नगर परिषद पर आक्रोश

# करैरा का मंगल पांडे स्मारक निर्माण अधर में, आधे-अधूरे पिलर हो गए गड्ढों में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा/शिवपुरी



जिले करैरा की सबसे बड़ी तहसील करैरा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पांडे का एकमात्र स्मारक लंबे समय से उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। 7 लाख रुपये की लागत से नगर पंचायत द्वारा स्मारक निर्माण का कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आज तक यह कार्य पूरा नहीं हो सका। ठेकेदार ने स्मारक के चारों ओर गहरे गड्ढे खोदकर आधे-अधूरे पिलर डाल दिए, जो अब जंग खाकर अपनी पहचान तक खो रहे हैं। लोगों को उम्मीद थी कि करैरा का यह एकमात्र स्टेच्यू भव्य और प्रेरणादायी रूप लेगा, लेकिन समय बीतता गया और जिम्मेदारों ने इसकी सुध तक नहीं ली। इस दौरान नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव सिकरवार ने भी निर्माण कार्य में हो रही लापरवाही और घटिया सामग्री का खुलासा करते हुए कार्य को रुकवाया था। पिलर तक तुड़वाए गए, लेकिन उसके बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया। नतीजा यह है कि आज भी स्मारक अधूरा, असुरक्षित और बदहाल स्थिति में पड़ा है। जिन पिलरों पर इतिहास लिखा जाना था, वे अब गड्ढों में डूबे धूल फांक रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम पर बनने वाला स्मारक इस हाल में है तो नगर के अन्य विकास कार्यों की क्या स्थिति होगी, यह समझना मुश्किल नहीं है।

#### राष्ट्रीय पर्व के चंद दिन शेष

अब जबकि 15 अगस्त जैसे राष्ट्रीय पर्व में चंद दिन शेष हैं, स्मारक की यह हालत नगर परिषद और प्रशासन के लिए शर्मनाक स्थिति पैदा कर रही है। नगर के लोग पूछ रहे हैं कि हर वर्ष झंडा फहराकर और माला चढ़ाकर औपचारिकता निभाने वाले जनप्रतिनिधि इस स्मारक की दुर्दशा पर आखिर चुप क्यों हैं? हैरानी की बात यह है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और करैरा नगर परिषद की बागडोर भी भाजपा के पास है, फिर भी विकास के पहिए यहां पूरी तरह थमे हुए हैं। न तो कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर स्थिति का जायजा ले रहा है, न ही ठेकेदार पर कोई ठोस कार्रवाई की गई है। हाल ही में नए सीएमओ गोपाल गुप्ता ने कार्यभार संभाला है, लेकिन उनकी नियुक्ति के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। नागरिकों का कहना है कि अगर जल्द ही स्मारक का निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं हुआ, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे का यह स्मारक सिर्फ एक संरचना नहीं, बल्कि देश के गौरव और बलिदान की पहचान है। इसे अधूरा छोड़ना और राजनीतिक-प्रशासनिक उपेक्षा में सड़ने देना पूरे राष्ट्र के स्वाभिमान का अपमान है। जनता अब इंतजार नहीं करना चाहती — या तो स्मारक को सम्मान मिले, या फिर जिम्मेदारों को जवाब देना होगा।

#### इनका कहना है

मुझे अभी आये हुए 10-12 दिन ही हुए हैं दिखवा लेता हूं। जल्द काम शुरू करवा देंगे।
**गोपाल गुप्ता,** सीएमओ नगर परिषद करैरा

### वृक्षारोपण पर कागजों में 119 मजदूरों की हाजिरी

## बदरवास की अकाझिरी पंचायत में मनरेगा कार्यों में फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बदरवास

बदरवास जनपद की ग्राम पंचायत अकाझिरी में मनरेगा योजना के तहत भारी फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। 26 जुलाई को जहां जिलेभर में बारिश का मौसम जारी रहा और दिनभर कहीं न कहीं बारिश होती रही। वहीं अकोदा पंचायत में तीन स्थानों पर वृक्षारोपण के नाम पर 13 मस्टररोल चलाए गए और उन पर 119 मजदूरों की हाजिरी भर दी गई है। नवीन वृक्षारोपण अमृतसरोवर के पास पर 7 मस्टरों पर 62 मजदूरों की हाजिरीए आंगनवाड़ी भवन के पास अकाझिरी 3 मस्टर रोल पर 27 मजदूर और गौशाला के पास 3 मस्टरों पर 30 मजदूरों की हाजिरी पंचायत के रामकुमार गुप्ता की आईडी से भरी गई है। खासबात यह है मस्टर रोल पर अपलोड फोटो से स्पष्ट है कि यह वास्तविक मजदूर न होकर सिर्फ कागजी मजदूर हैं और इनमें फ ोटो में नाबालिक भी दिखाई दे रहे हैं। फ ोटो में वृक्षारोपण जैसा कुछ भी नहीं दिखा रहा है। हाल ही में 8 जुलाई को भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण विकास विभाग, महात्मा गांधी नरेगा प्रभाग द्वारा जारी किए गए आदेश की जिम्मेदारों द्वारा खुलेआम धज्जियां उड़ाने का काम किया जा रहा है। यह सब कारनामा अकेले 26 जुलाई को नहीं हुआ हैए बल्कि पंचायत में इसी प्रकार से 21 जुलाई से प्रतिदिन मस्टर भरे जा रहे हैं।

#### सवालों के घेरे में पंचायत के जिम्मेदार

इस पूरे मामले में पंचायत सचिवए रोजगार सहायक और सरपंच की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। मस्टरों पर अपलोड फोटो से स्पष्ट हो रहा है कि पहले से खींचे हुए फोटो के सहारे फोटो खींचकर मस्टरों पर अपलोड किया जा रहा है। जो न केवल गंभीर अनियमितता हैए बल्कि यह शासकीय योजनाओं के साथ सीधा मजाक भी है।

**मनरेगा की पारदर्शिता पर उठे सवाल** यह मामला मनरेगा योजना की पारदर्शिता और निगरानी तंत्र की कमजोरियों को उजागर करता है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या पंचायत और जनपद स्तर के जिम्मेदार अधिकारी इन मस्टरों को शून्य घोषित कर दोषियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई करते हैं या फिर इस मामले को भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

### गायत्री परिवार के संचालक शर्मा का नाती है रूद्र

## रूद्र शर्मा ने बढ़ाया कोलारस का मानए बॉक्सिंग में भोपाल में जीता गोल्ड मैडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस




कोलारस में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। खेलों में लगातार कोलारस के बच्चे उम्दा प्रर्दशन कर कोलारस का मान पूरे भारत देश में बढा रहे हैं। इसी क्रम में एक और उपलब्धि कोलारस को प्राप्त हुई है। जिसमें गायत्री परिवार के संचालक जेपी शर्मा के नाती और विवेक शर्मा के पुत्र रूद्र शर्मा उम्र 13 साल निवासी लोधी मोहल्ला कोलारस इन दिनों ग्वालियर के बेंडी स्कूल में अध्यनरत है। यहां से रूद्र ने 37 से 40 किलो ग्राम वर्ग के बीच में बॉक्सिंग के मुकाबले में भोपाल में गोल्ड मैडल जीता है। इस जीत के बाद मध्यप्रदेश की जूनियर नेशनल टीम में रूद्र का चयन हुआ है। अब रूद्र की तैयारी नेशनल में गोल्ड लाने के लिए इंडिया लेवल पर चल रही है। विगत वर्ष भी जबलपुर में आयोजित खेल प्रतियोगिता में रूद्र ने सिल्वर मैडल जीता था। अब मध्यप्रदेश की ओर से रूद्र नोयडा में पूरे भारत के लिए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस सफलता पर कोलारस वासियों ने उन्हें बधाईयां देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सनसनीखेज हत्याकांड के नौ दोषियों को आजीवन कारावास

**करैरा।** एक जघन्य और सनसनीखेज हत्याकांड के मामले में करैरा की माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने नौ अभियुक्तों—आदर्श बुंदेला, राजदीप परमार, राजपाल बुंदेला, पुष्पेंद्र बुंदेला, बहादुर सिंह ठाकुर, कैहर सिंह ठाकुर, रामराजा परमार, प्यारेलाल परमार और युवराज परमार—को हत्या, हत्या का प्रयास, गाली-गलौज, आपराधिक धमकी और दंगा करने जैसे गंभीर अपराधों के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक दोषी पर 9,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार भदौरिया की प्रभावी पैरवी और ठोस तर्कों ने इस मामले में न्याय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घटना 13 अगस्त 2021 की है, जब फतेहपुर गांव, थाना करैरा में ट्रांसफार्मर पर तार डालने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। अभियोजन के अनुसार, दोपहर करीब 3 बजे महेश और बलवीर का अभियुक्त बहादुर सिंह ठाकुर से विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते शाम को करीब 7-8 बजे सभी नौ अभियुक्त, हथियारों—कुल्हाड़ी, सरिया, लाठी और पत्थर—से लैस होकर पीड़ित जगत सिंह के घर के सामने पहुंचे। अभियुक्तों ने गालियां देते हुए धमकी दी कि वे ही ट्रांसफार्मर से बिजली लेंगे। जब जगत सिंह ने इसका विरोध किया, तो आदर्श बुंदेला ने जानलेवा इरादे से उनके सिर पर कुल्हाड़ी से हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और बेहोश होकर गिर पड़े। जगत सिंह के भाई ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन प्यारेलाल परमार ने सरिया से उनके सिर पर प्रहार किया, जिससे वह भी घायल हो गया। इसके बाद सभी अभियुक्तों ने पीड़ितों पर लाठियों, कुल्हाड़ियों और पत्थरों से हमला किया। उपचार में जगत सिंह की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मौखिक शिकायत पर मामला दर्ज कर गहन जांच कराई गई।

## जनपद में सेवा प्रदान करने के बाद सेवानिवृत्त हुए बाबू लखन सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बदरवास।

बदरवास जनपद में पंचायत बाबू ग्रेट 3 पद पर पदस्थ लखन सिंह रघुवंशी ने एक ही ऑफि स में 32 साल सेवाएं देने के बाद आज सेवानिवृत्त हुए लाखन सिंह रघुवंशी ने अपने कार्यकाल में एक अच्छी छवि और साफ सुथरा कार्य के लिए जाने जाते हैं। बदरवास जनपद में पिछले 32 साल से एक ही ऑफि स में अपनी सेवाएं दी और एक उलझे हुए व्यक्ति की तरह कार्य किया कागज के काम से लेकर टेक्नोलॉजी के जमाने तक इन्होंने हर प्रकार से ऑफि स में साथियों के साथ कार्य किया सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में, सुरेंद्र सिंह रघुवंशी, सेवानिवृत्ति मायाराम सागर, राधेश्याम शर्मा सहित ऑफिस के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## तिरुपति ब्लेस्ड हायर सेकंडरी स्कूल में तुलसीदास जयंती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा /करैरा




तिरुपति ब्लेस्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, करैरा में संत तुलसीदास जयंती का उत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया, जिसमें नचिकेता तिवारी ने विशेष रूप से पाठ किया, साथ ही रवि शंकर तिवारी और गौ सेवक अजय शंकर तिवारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल के निदेशक राजकुमार पाराशर के मार्गदर्शन में यह आयोजन न केवल शिक्षा को बढ़ावा देने, बल्कि बच्चों में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

नचिकेता तिवारी ने सुंदरकांड पाठ के दौरान अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके विचारों में तुलसीदास की महानता स्पष्ट झलकती है। नचिकेता का कहना है, ह्णतुलसीदास जी ने रामचरितमानस के माध्यम से न केवल भगवान राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया, बल्कि मानव जीवन को सत्य, धर्म और भक्ति का मार्ग भी दिखाया। उनकी रचनाएँ आज भी हमें नैतिकता और आध्यात्मिकता की प्रेरणा देती हैं।ह्व उनकी यह बात आयोजन में उपस्थित सभी लोगों के लिए प्रेरणादायक रही।

स्कूल प्रबंधन ने इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को तुलसीदास जैसे महान संत की शिक्षाओं से अवगत कराने का प्रयास किया। राजकुमार पाराशर के नेतृत्व में स्कूल निरंतर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। सुंदरकांड पाठ के आयोजन से बच्चों में भक्ति और नैतिकता की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कार्यक्रम और भी जीवंत हो गया। तुलसीदास जयंती का यह उत्सव स्कूल द्वारा समाज में सकारात्मक संदेश देने का एक अनूठा प्रयास रहा। रामचरितमानस जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले तुलसीदास की शिक्षाएँ आज भी प्रासंगिक हैं, और इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी को उनके विचारों से जोड़ा जा सकता है। स्कूल प्रबंधन का यह प्रयास सराहनीय है, जो बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

## दिनारा कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तारीख बढ़ी

**दिनारा।** दिनारा शासकीय महाविद्यालय में बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने हेतु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है । विधार्थी अब 14 अगस्त 2025 तक कॉलेज में प्रवेश ले सकते हैं । प्रभारी प्राचार्य प्रो. महेंद्र कुमार के प्रयासों से कॉलेज में सीटों में भी इस बार बढ़ोतरी की गई है । प्रवेश प्रभारी श्री शिवम साहू द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कॉलेज में पर्याप्त संख्या में सीटें खाली हैं जिसमें विद्यार्थी ऑनलाइन फॉर्म एवं फीस भरकर मात्र एक दिन में अपनी सीट सुरक्षित कर प्रवेश ले सकते हैं । दिनारा कॉलेज में छह मेजर विषय होने के साथ साथ स्पोर्ट्स एजुकेशन एवं योगा विषय भी उपलब्ध है जिसका लाभ दिनारा एवं आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थी ले सकते हैं ।




### सीएम हाउस पहुंचकर रखी अपनी मांग

## बाढ़ पीडित कोलारस के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से राहत राशि की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस।



कोलारस विधानसभा अंतर्गत आने वाली सिंध नदी के आसपास लगे गांवों में बाढ़ प्रभावित लोगों को लेकर शासन-प्रशासन गंभीरता से लगा हुआ है। इस बाढ से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आधा सैकडा गांव भयंकर रूप से प्रभावित हुए हैं। वहीं अतिवर्षा से पूरे कोलारस विधानसभा क्षेत्र के किसानों की फ सलें 100 प्रतिशत बर्बाद हो गई हैं। संवेदनशील भाजपा के जनप्रतिनिधि उक्त पूरी स्थिति का मुआयना कर रहे हैं और किसान हित में हर संभव मदद प्रशासन द्वारा पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

इसी क्रम में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र शर्मा 30 जुलाई 2025 को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचे और सूबे के मुखिया डॉ मोहन यादव से मुलाकात कर कोलारस अनुभाग क्षेत्र में हुई अतिव्रष्टि के कारण 100 प्रतिशत फ सलों के नुकसान को लेकर शीघ्र ही मुआवजा की मांग की। विशेष तौर पर सिंध नदी के किनारे बसे लगभग आधा सैकडा गावों की स्थिति भयाभय है। सिंध का जलस्तर नीचे आने के बाद अनेक ग्राम वासियों के कच्चे घर जमींदोज हो चुके हैं। पशुधन को भी काफी हानि हो गई है।

पक्के मकानों में पानी भर जाने से ग्रामीणों को काफ ी आर्थिक नुकसान हुआ है। खेतों में लगातार पानी भरा रहने से किसानों की खरीफ की फ सलें पूरी तरह से नष्ट हो चुकि हैं। जिससे बाढ़ पीडित लोग अब भूखे मरने की कगार पर पहुंच गए हैं। उक्त सभी विकराल स्थिति से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत कराते हुए भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र शर्मा ने शिवपुरी जिले को तत्काल आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर संपूर्ण जिले में अतिव्रष्टि से हुए नुकसान का शीघ्र सर्वे कराया जाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।

### एसडीएम श्रीवास्तव व तहसीलदार भार्गव ने दिया शॉल-श्रीफल

## बाढ़ आपदा में कार्यरत जवानों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस



अतिवर्षा के कारण सिंध नदी में आए उफान से कोलारस अनुभाग क्षेत्र के दर्जनों गांव इसकी चपेट में आ गए थे। नदी से लगे आसपास के ग्रामीण अंचलों में सैंकडों ग्रामीण बीच नदी में फ ंसे हुए थे। प्रशासनिक अमला और जनप्रतिनिधि के प्रयास जब असफल साबित हो गए तो बबीना के इंडियन आर्मी के जवानों ने इस चुनौती से निपटने के लिए अपनी कमर कस ली। अपनी नावों को नदी की भयंकर लहरों के बीच ले जाकर बाढ में फंसे हुए पीडित व्यक्तियों का सकुशल रेस्क्यू कर सैकडों लोगों की जान बचाई। 2 दिनों से इंडियन आर्मी बबीना के जवान दिन.रात बाढ आपदा क्षेत्र में अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा प्रदान कर रहे थे। जवानों के इस हौंसले को सभी ग्राम वासियों ने सराहा और उनका उत्साह वर्धन भी किया। सिंध का जल स्तर लगातार घटने के बाद आपदा की भयंकर तस्वीरें सामने निकलकर आईं। जिसमें कई लोगों के घर और फसलें तबाह हो गईं। पशुधन वह गए। किंतु जवानों के प्रयास से किसी भी ग्रामीण जन के साथ बडी दुर्घटना नहीं हुई। अपना काम पूर्ण करने के पश्चात जब आर्मी के जवान वापस अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर रहे थे तो भारतीय सेना के जवानों के सम्मान में कोलारस एसडीएम अनूप श्रीवास्तवए तहसीलदार सचिन भार्गव ने एबी रोड पर स्थित होटल फूलराज के सामने एक सामुहिक सम्मान समारोह आयोजन रखा। जिसमें सभी जवानों को शॉल और श्रीफल भेंटकर बाढ में दी गईं उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित कर धन्यवाद ज्ञापित किया।


### बाढ प्रभावित क्षेत्र हरिपुर, टपरियन और टामकी का विधायक ने किया दौरा

**कोलारस।** सिंध में आई बाढ के बाद कोलारस विधायक महेन्द्र सिंह यादव केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। अतिव्रष्टि से आई बाढ़ से प्रभावित ग्राम हरिपुर, टपरियन, टामकी सहित दर्जनों गांवों का विगत दिवस कोलारस विधायक महेन्द्र सिंह यादव ने भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया। लोगों को हो रही कठिनाईयों को देखते हुए ग्राम पंचायतों में सचिवों और पटवारियों की डयूटी लगाई गई है। ताकि नुकसान का सटीक सर्वे कर राहत कार्य शीघ्र शुरू हो सके। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए तत्काल भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराई।



विधायक महेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा तुरंत राहत टीम भेजे जाने और सफ ल रेस्क्यू कार्य संपन्न कराने के लिए क्षेत्र की जनता की ओर से में उनका हद्रय से आभार व्यक्त करता हूं। शासन.प्रशासन हर जरूरत मंद के साथ खडी है।

### जनपद अध्यक्ष भरत सिंह चौहान पहुंचे बाढ़ पीडित गावों में, खाधान सामग्री की वितरण



**कोलारस।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन पर सभी जनप्रतिनिधि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम अनंतपुर, लिलवारा, पचावली, संगेश्वर का दौरा कर बाढ़ पीडितों को हर संभव सहयोग उपलब्ध करा रहे हैं। इसी क्रम में कोलारस के जनपद अध्यक्ष भरत सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता रामभरोसी शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पिछडा मोर्चा वलवीर निवौरिया, नबल सोलंकी, हरिओम राठौर, जगदीश राजावत, पुष्पेंद्र चौहान के साथ फल, बिस्किट और खाद सामग्री लेकर बाढ पीडितों के बीच पहुंचे। यहां पहुंचकर बाढ़ प्रभावित पीडित लोगों को सभी भाजपा नेताओं ने खानेञपीने की व्यवस्था की। इस दौरान शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में ग्राम लिलवारा, अनंतपुर, पचावली सहित विभिन्न गांवों में पहुंचकर सभी ग्राम वासियों को हाल जाना और उनका हर संभव सहयोग किया।